प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19—ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद—बुलन्दशहर

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बुलन्दशहर / 2022—23/17622 दिनांक 12-01-2023

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक—एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2022—23 / 04 / 2566—2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 26—30 दिसम्बर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद—बुलन्दशहर का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक क्यू0ए0 / नोडल अधिकारी— अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, बुलन्दशहर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक—यथोक्त।

भवदीया

Aparna

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बुलन्दशहर / 2022—23 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी / अध्य0क्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बुलन्दशहर।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मेरठ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मेरठ मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोअर्डीनेटर, बुलन्दशहर।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–बुलन्दशहर

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बुलन्दशहर / 2022–23 दिनांक 12-01-2023

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2022–23 / 04 / 2566–2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 26–30 दिसम्बर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–बुलन्दशहर का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक क्यू0ए0 / नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, बुलन्दशहर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / बुलन्दशहर / 2022–23 / 7622-6 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी / अध्य0क्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बुलन्दशहर।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मेरठ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मेरठ मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोअर्डीनेटर, बुलन्दशहर।

Aparna U

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–बुलन्दशहर
# भ्रमण दिनांक 26–30 दिसम्बर, 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 26–30 दिसम्बर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–बुलन्दशहर का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

टीम के सदस्य –

1. डा0 शशिकांत चौधरी, उपमहाप्रबन्धक, क्यू0ए0
2. श्री अश्वनी कुमार सिंह, सलाहकार, मातृ स्वास्थ्य, एस.पी.एम.यू.,एन.एच.एम,।
3. श्री जमाल अहमद, कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम,।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 25–29 जुलाई, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के उपरान्त मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/बुलन्दशहर/2022–23/4483 दिनांक 23.09.2022 द्वारा राज्य स्तरीय दल द्वारा भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की गई थी कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर के स्तर से उपलब्ध कराया जाएगा, परन्तु अनुपालन आख्या अभी तक अप्राप्त है।

### पी0पी0सी0(एफ0आर0यू0)–खुर्जा ब्लॉक
### दिनांक 27.12.2022

- **पी0पी0सी0, खुर्जा, जनपद–बुलन्दशहर का एफ.आर.यू. है इसकी स्थिति काफी दयनीय है। चिकित्सालय का भवन की स्थिति काफी खराब है। छत दिवारों में सीलन है। जगह जगह प्लास्टर उखड़ चुके हैं। इसकी मरम्मत एवं रंगाई पोताई की आवश्यक्ता है।**
- **Toilet की स्थिति काफी खराब है। सभी नलके, टोंटी, सिस्टन, वाश वेसिन आदि खराब हो चुके हैं।**
- **सभी जगहों पर Plumbing Work एवं Electric wiring की मरम्मत कराने की आवश्यक्ता है।**

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| **प्रसव कक्ष**<br>• **लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण लेबर रूम में इंफेक्सन का खतरा बना रहता है।**<br>• **स्टाफ नर्स को बायो मेडिकल** | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा/ मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर |

| | | |
|---|---|---|
| वेस्ट से सम्बन्धित जानकारी नहीं थी। Three Bucket System follow नही किया जा रहा है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Wall Clock , Digital Weighing Machine नहीं पाया गया।<br>• प्रसव मेज़ पर न ही Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे ना ही उस पर Kelis Pad रखा गया था।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set नहीं पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में निजिता को बनाये रखने के लिये पर्दो का अभाव था। इसके अतिरिक्त बर्थ कैम्पैनियन के बैठने के लिये स्टूल की व्यवस्था नहीं पायी गयी।<br>• प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं लगे हैं।<br>• MaNTrA पोर्टल पर अपूर्ण सूचनायें दृशायी गयी है। अतः इन्हें शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।<br>• Record keeping ठीक से नहीं की जा रही है, रेफरल इन रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह डिलिवरी लोड 300–310 है। 16 स्टॉफ नर्स के द्वारा डिलिवरी करवायी जा रहा है।<br>• उपकरणों के स्ट्रलइाजेशन का डाटा अंकन हेतु ऑटोक्लेव रजिस्टर नहीं बनाया गया था।<br>• उपकरणों को ऑटोक्लेब हेतु ऑटोक्लेव स्टरलाइजेशन इण्डीकेटर उपलब्ध नहीं है।<br>• **जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थी को दिया जाने वाले डाईट की व्यवस्था नहीं की गई है, और ना ही डाईट चार्ट Display किया गया है।**<br>• सामान्य प्रसव वाले लाभार्थी | MaNTrA पोर्टल पर अपूर्ण सूचनायें शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कहा गया। | |

| | | |
|---|---|---|
| 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• ऑक्सिजन सिलन्डर खाली पाया गया। | | |
| • कई बन्द कमरों एवं खुले में कबाड़ भरे पड़े हैं जिसका निस्तारण किया जाना अपेक्षित है। | | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा/ मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर |
| • चिकित्सालय के ओ0टी0 में Multy Para Monitor नही पाया गया, जबकि इस मद में दो वर्ष पूर्व राज्य स्तर से धनराशि अवंटित की जा चुकी है। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा को सुझाव है कि वह इस हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर से समन्वय स्थापित करें। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा/ मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर |
| • चिकित्सालय परिसर में कहीं पर भी Citizen Charter Display नहीं किया गया है। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा को सुझाव है कि वह शीघ्र Citizen Charter चिकित्सालय परिसर में लगवायें। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0, खुर्जा |
| • चिकित्सालय परिसर में अग्निशामक यंत्र, कण्डोम बॉक्स नहीं लगा है | चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, कण्डोम बॉक्स लगवा दें एवं साथ ही उसमें कण्डोम भी रखवायें। | चीफ फार्मासिस्ट/ चिकित्सा अधीक्षक, पी0पी0सी0सी0, खुर्जा |
| • चिकित्सालय परिसर में कहीं पर भी EDL Display नहीं किया गया है। | चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display करायें। | |

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र**
**पंजाबियान, खुर्जा (बुलन्दशहर)**
**27.07.2022**

- भवन की स्थिति ठीक है, परन्तु सड़क पतली होने के कारण एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाता है।
- सभी स्टाफ ऐपरेन में पाये गए।
- सफाई व्यवस्था ठीक है।
- लेबर रूम में सभी कुछ ठीक पाया गया, परन्तु अभी प्रसव नहीं हो पा रहा है। पूर्व में प्रसव कराया गया है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर 17 प्रकार की जांच की जा रही है।
- कण्डोम बॉक्स लगे थे, उनमें कण्डोम भरे थे।
- चिकित्सालय परिसर में EDL Display किया गया था।
- गत माह 127 ए0एन0सी0 एवं 8 ANTRA से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।
- Feed Back में लाभार्थियों ने अवगत कराया कि, स्वास्थ्य केन्द्र के सभी स्टाफ Cooparative हैं।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण HWC के रूप में किया गया है, परन्तु केन्द्र पर कार्यरत कर्मी को इसकी प्रशिक्षण अभी नहीं दी गई है।

**स्वास्थ्य केन्द्र के सभी स्टाफ प्रशंसा के पात्र हैं।**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द–पहासू ब्लॉक
### दिनांक 28.07.2022

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह डिलिवरी लोड लगभग 200 है। 06 स्टॉफ नर्स के द्वारा डिलिवरी करवाया जा रहा है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Weighing Machine नहीं पाया गया।<br>• प्रसव मेज़ पर न ही Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे ना ही उस पर Kelis Pad रखा गया था।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set उपलब्ध थे।<br>• एन0बी0सी0सी0 में उपलब्ध रेडियेन्ट वार्मार क्रियाशील नहीं पाया गया।<br>• जे.एस.एस.के. के अन्तर्गत लाभार्थी को दिया जाने वाले डाईट की व्यवस्था नहीं की गई है, एवं डाईट चार्ट Display नहीं किया गया है।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Mask आदि की व्यवस्था नहीं पायी गई है<br>• चिकित्सालय में एम0एन0सी0यू0 बनाया गया है, जिसमें लो बर्थ वेट एवं हाइपोथर्मिया से ग्रसित नवजात शिशुओं को चिकित्सा प्रदान की जा सके। एम0एन0सी0यू0 एस0एन0सी0यू0 से स्टेप डाउन कक्ष के रूप संचालित किया जा रहा है। एम0एन0सी0यू0 में माँ एवं नवजात शिशु को एक साथ चिकित्सकीय सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है।<br>• सामान्य प्रसव वाले लाभार्थी चिकित्सा केन्द्र पर नियामानुसार 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए।<br><br>उपकरण एवं कन्ज्यूमेबिल्स को उपलब्ध कराये जाने हेतु कहा गया, जिससे सभी प्रकार की जटिल सर्जरी की जा सके।<br><br>प्रसव कक्ष एवं ओ0टी0 में जोनिंग किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>उपकरणों को ऑटोक्लेब हेतु ऑटोक्लेव स्टरलाइजेशन इण्डीकेटर उपलब्ध कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।<br><br>जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं के लिये भोजन की व्यवस्था हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप के चयन किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, पहासू / मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, पहासूको सुझाव दिया गया 5 कइस सम्बन्ध में | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, पहासू |

| | | |
|---|---|---|
| पाया गया। | का कष्ट करें। | |
| • अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराय जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक/ एवं चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, पहासू |
| • आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र पर केवल एक टीम है। जिनके पास कार्यक्रम से सम्बन्धित डाटा उपलब्ध नहीं पाया गया। | | |
| • दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display नहीं किया गया है। | चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display करायें। | चीफ फार्मासिस्ट/ चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, पहासू |

## वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां)
## कनौनी वेद रामपुर, पहासू, ब्लॉक
## दिनांक–28.12.2022

- ग्राम कनौनी वेद रामपुर में चल रहे वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां) सत्र के दौरान ए0एन0एम0 कुमारी रचना, आशा श्रीमती मीरा देवी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती सत्यवती शीतल उपस्थित थीं।
- वी0एच0एन0डी सत्र पर बैनर लगे थे। परन्तु सही स्थान पर नहीं लगाया गया था।
- वी0एच0एन0डी टीम द्वारा आई0पी0सी0 नहीं की जा रही थी।
- एच0आई0वी0 किट के लिए अलग से वैक्सिन कैरियर नहीं लाया गया था।
- किशोरियों से वार्तालाप के उपरान्त ज्ञात हुआ कि आशा द्वारा उन्हें स्वास्थ्य एवं सफाई सम्बन्धित जानकारी नहीं दी गई है।
- Weighing Machine खराब पाया गया।
- भ्रमण के समय के Due list अनुसार बहुत कम टीकाकरण हुआ था।
- ANM के पास Hemoglobin/ Glucometer Strip नहीं था।

## जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा (एफ0आर0यू0)
## दिनांक 29.12.2022

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले लाभार्थी चिकित्सा केन्द्र पर नियामानुसार 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• लेबर रूम में नवीन प्रारूप लेबर रूम रजिस्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे मंत्र पोर्टल पर डाटा अंकन में असुविधा थी।<br>• जे.एस.एस.के. के अन्तर्गत लाभार्थी को दिया जाने वाले [illegible] | कार्यरत स्टॉफ नर्सो को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | लेबर रूम स्टॉफ नर्स/ चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा एवं जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, जनपद–बुलन्दशहर |

| | | |
|---|---|---|
| है।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack में Shoe Cover, Slipper, Mask आदि की नहीं रखे थे।<br>• प्रसव कक्ष में Attached शौचालय नहीं है।<br>• Triage room व्यवस्थित नहीं पाया गया।<br>• प्रसव मेज़ पर न ही Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे ना ही उस पर Kelis Pad रखा गया था।<br>• **स्टाफ नर्स को बायो मेडिकल वेस्ट से सम्बन्धित जानकारी नहीं थी।** Three Bucket System follow नही किया जा रहा है।<br>• सामान्य प्रसव वाले लाभार्थी चिकित्सा केन्द्र पर नियामानुसार 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• ऑक्सिजन सिलन्डर खाली पाया गया।<br>• रेडियेन्ट वार्मार कियाशील नहीं पाया गया।<br>• एन0बी0एस0यू0 Sanction होने के उपरान्त भी अभी तक इसे कियाशील नहीं किया गया है।<br>• चिकित्सालय में एम0एन0सी0यू0 बनाया गया है, जिसमें लो बर्थ वेट एवं हाइपोथर्मिया से ग्रसित नवजात शिशुओं को चिकित्सा प्रदान की जा सके। एम0एन0सी0यू0 एस0एन0सी0यू0 से स्टेप डाउन कक्ष के रूप संचालित किया जा रहा है। एम0एन0सी0यू0 में माँ एवं नवजात शिशु को एक साथ चिकित्सकीय सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। | एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित समस्त गैप्स को अतिशीघ्र दूर कराया जाए। | |
| • पूरे चिकित्सालय परिसर में लाभार्थियों हेतु केवल एक शौचालय कियाशील है। | चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा को इसकी व्यवस्था हेतु सुझाव दिया गया। | |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं | चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा को सुझाव दिया गया कि इस | चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा। |

| | | |
|---|---|---|
| पाया गया। | सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | |
| • अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराय जाना अपेक्षित है। | चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा |
| • चिकित्सा केन्द्र पर Essential Drug list Display नहीं किया गाय है।<br>• First Come First out का सिस्टम भी नहीं बनाया गया है। | टीम द्वारा चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवाओं का भण्डारण प्रोटोकॉल एवं नियमानुसार करें | चीफ फार्मासिस्ट, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सिकन्द्रा |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) बिलसूरी, सिकन्द्राबाद ब्लॉक
## दिनांक 29.12.2022

- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) एक कमरा के सरकारी भवन में स्थित है। जिसमें बांड्री वाल का निर्माण भी नहीं कराया गया है।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है। केवल OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- केन्द्र पर कुल 04–05 प्रकार की Diagnostic Test की सेवायें दी जा रही हैं।
- एन.सी.डी. स्क्रिनिंग एवं ट्रीटमेंट हेतु एन.सी.डी. पोर्टल पर ऑन लाईन अपडेट किया जा रहा है।
- योगा एवं अन्य वेलनेस गतिविधियों हेतु कोई कार्ययोजना उपलब्ध नहीं पाई गई। न ही योगा एवं मीटिंग हेतु स्थान उपलब्ध है।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।
- उपलब्ध दवाओं का रख रखाव ठीक प्रकार से किया जा रहा है।
- केन्द्र के आस–पास गन्दगी देखने को मिली।

मुख्य बिन्दु–

- **पी0पी0सी0, खुर्जा, जनपद–बुलन्दशहर की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने की आवश्यक्ता है।**
- **नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंजाबियान, खुर्जा को किसी नये भवन में शिफ्ट किया जाना अपेक्षित है, जहां आसानी से ऐम्बुलेंस पहुंच सके।**
- **जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किसी भी अधिकारी/कर्मी को स्वास्थ्य से सम्बन्धित डाटा संग्रह करने हेतु जिम्मेदारी दिया जाना अपेक्षित है। भ्रमण के दौरान चेकलिस्ट से सम्बन्धित/अनुसार पूर्ण डाटा नहीं मिल पाता है। District Assessment Checklist के अनुसार हर माह पूर्ण डाटा अपडेट किया जाना अपेक्षित है। जिससे**

भविष्य में भ्रमण के दौरान राज्य स्तरीय टीम को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े।

- श्री हिमांशु सचदेवा, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, जनपद–बुलन्दशहर द्वारा दिनांक 14.10.2022 को पी0पी0सी0 खुर्जा का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के उपरान्त दिनांक 28.10.2022 को पर्यवेक्षण आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर को प्रेषित की गई थी। उनके द्वार दिये गए आख्या पर बिन्दुवार कार्यवाही अपेक्षित है। (संलग्नक–क)
- श्री हिमांशु सचदेवा, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, जनपद–बुलन्दशहर द्वारा दिनांक 19.11.2022 को डी0सी0एच0 सिकन्द्राबाद का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के उपरान्त पर्यवेक्षण आख्या मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर प्रेषित की गई थी। उनके द्वार दिये गए आख्या पर बिन्दुवार कार्यवाही अपेक्षित है।(संलग्नक–ख)
- सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर किसी भी अधिकारी एवं कर्मी द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण नहीं की जा रही है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु राज्य स्तर से प्रेषित गाईडलाईन का पालन नहीं किया जा रहा है।

## समीक्षा बैठक

पी0पी0सी0 खुर्जा ब्लॉक, पी0पी0सी0 पहासूब्लॉक, जिला संयुक्त चिकित्सालय सिकन्द्रबाद, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, नगरीय चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र, आदि के अन्तर्गत संचलित विभिन्न गतिविधियों के पर्यवेक्षण के उपरान्त राज्य स्तरी पर्यवेक्षण टीम द्वारा, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–बुलन्दशहर, एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित चल रहे कार्यक्रमों को और भी बेहतर करने हेतु चर्चा की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी बुलन्दशहर द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा उपलब्ध कराये गए रिपोर्ट के आधार पर समस्त गैप्स को जल्द ही दूर करा दिया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| जमाल अहमद, | अश्वनी कुमार सिंह, | डा0 शशिकांत चौधरी, |
| कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना | सलाहकार, मातृ स्वास्थ्य, | उपमहाप्रबन्धक, क्यू0ए0 |

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या

पर्यवेक्षणकर्ता का नाम– हिमांशु सचदेवा,
पर्यवेक्षणकर्ता का पदनाम– जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, बुलन्दशहर
पर्यवेक्षण स्थल का नाम– एफ0आर0यू0 डी0सी0एच0 सिकन्द्राबाद, ब्लॉक सिकन्द्राबाद
दिनांक– 19.11.2022

अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेरठ मण्डल, मेरठ के पत्र सं0 अ0नि0/एन0एच0एम0/कार्य प्रबन्धक/2021–22/4221 दिनांक 02.08.2021 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर के पत्र सं0 सी0एम0ओ0/ए न0एच0एम0/कार्यप्रबन्धक /कार्य/2021–22/2674 दिनांक 22.12. 2021 के अनुपालन में दिनांक 19.11.2022 को मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सुचारू रूप से कियान्वयन कराने हेतु सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

एफ0आर0यू0 डी0सी0एच0 सिकन्द्राबाद, ब्लॉक सिकन्द्राबाद

- स्वास्थ्य इकाई पर प्रसव कक्ष का भ्रमण किया गया, जहां पहले से यूनिसेफ संस्था से आई टीम उपस्थित थी, साथ में हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, आयुष महिला चिकित्सक एवं स्टॉफ नर्स उपस्थित थे।
- प्रसव कक्ष में स्थापित नर्सिंग एरिया अव्यवस्थित था जिसे सही प्रकार से रखने की आवश्यकता है। प्रसव कक्ष में लाईट बहुत कम है जिसे 'लक्ष्य' कार्यक्रम के मानकानुसार बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।
- प्रसव कक्ष के पास ट्रायजिंग कक्ष को ओर सुदृढ़ कर स्थापित किये जाने की आवश्यकता है। प्रसव कक्ष के बाहर बाहरी लोगों के प्रवेश रोकने हेतु पार्टिशन गेट की आवश्यकता है। प्रसव कक्ष के बाहर शो रेक एवं कवर की व्यवस्था की जानी है।
- डिलीवरी रजिस्टर के अवलोकन में पाया कि समस्त एंट्री नहीं की जा रही है, महिला व नवजात के डिस्चार्ज का समय, स्थिति, परिवार नियोजन के साधन आदि खण्ड रिक्त थे उपस्थित स्टॉफ को हमेशा समस्त पूर्ण एंट्री दर्ज करने उसी के अनुसार मंत्र एपलिकेशन में अंकन करने हेतु अवगत किया गया। मंत्र एपलिकेशन पर प्रगति भी कम हो रही है जो शत–प्रतिशत होनी चाहिए, छुटे केसों की एंट्री शीघ्र अंकन करने हेतु अवगत किया गया।
- स्टाफ नर्स से उपलब्ध आवश्यक औषधी एवं समान आदि के बारे में जानकारी ली गयी उन्होंनें बताया कि पल्स आक्सीमीटर, डिजिटल थर्मामीटर आवश्यक समान उपलब्ध नही है। जिसके हेतु मांग पत्र प्रेषित कराने हेतु अवगत किया गया।
- जे0एस0एस0के0 कार्यक्रम के अर्न्तगत निःशुल्क भोजन व्यवस्था का अनुश्रवण में पाया कि प्रेरणा कैन्टिन के माध्यम से लाभाथियों को भोजन दिया जा रहा है। रजिस्टर के अवलोकन और सेवा प्रदाता से पता करने पर संज्ञान में आया कि महिलाएं जल्दी चली जाती है जिसके कारण ज्यादातर को एक या दो समय का ही भोजन दिया गया है। अधीक्षक महोदय द्वारा रजिस्टर नियमित सत्यापित किया जाना आवश्यक है।
- HMIS पोर्टल पर माह वार ब्लड स्टोरेज यूनिट की प्रगति रिपोर्ट का अंकन नहीं किया जा रहा है इसके अनुसार बी0एस0यू0 अकियाशील प्रदर्शित हो रही है। पुनः डेटा आपरेटर श्री पवन को तत्काल उसकी रिपोर्ट अंकन करने हेतु अवगत किया गया। HMIS पोर्टल पर इस वित्तीय वर्ष में शून्य HRP दर्ज है जबकि ऐसा होना मुश्किल है रिपोर्ट की जांच करते हुए HMIS पोर्टल फ्रीज होने से पहले माह वार रिर्पोट सही करने की आवश्यकता है।
- 15/11/2022 को संपादित हुई पी0एम0एस0एम0ए0 व मातृ स्वास्थ्य कार्यकमों की समीक्षा बैठक के अनुसार पी0एम0एस0एम0ए0 पोर्टल पर अंकन गलत रिपोर्ट को तत्काल सही करने हेतु अवगत किया गया।
- जे0एस0वाई0 लाभार्थी भुगतान में 6 नवम्बर तक की स्थिति में शून्य भुगतान प्रदर्शित हो रहा है भुगतान आदि पर चर्चा की गयी, श्री पवन ने बताया ब्लॉक लेखा प्रबन्धक द्वारा सही करा दिया गया है।
- स्वास्थय इकाई पर संपादित किये जा रहे एस0बी0ए0 16 दिवसीय प्रेक्टिकल बैच के प्रतिभागियों से चल रहे प्रशिक्षण आदि विषयों पर चर्चा की गयी उनके द्वारा बताया गया प्रशिक्षण अच्छे से चल रहा है, उन्हे कई बारिकियां सीखने को मिल रही है। उनके द्वारा प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रसव भी कराये गये है।
- एस0बी0ए0 प्रशिक्षण के उपस्थिती पंजीयन का अवलोकन में पाया कि प्रशिक्षक स्टॉफ नर्स रेनू यादव शुरू से अनुपस्थित है, उनके द्वारा प्रशिक्षण देने में प्रतिभाग नहीं किया जा रहा है। प्रशिक्षक स्टाफ नर्स विनिश नाज एवं आयरन जार्ज ही उपस्थित थी। प्रतिभागीयों में स्टॉफ नर्स गायत्री देवी की बेटी की तबीयत खराब होने के कारण उस दिन अनुपस्थित थी उनके द्वारा लिखित एपलिकेशन प्रेषित की गयी थी।
- एस0बी0ए0 प्रशिक्षण पर एजेण्डा प्रिंट करके रखने व उसी के अनुसार आयोजन करने हेतु अवगत किया गया।
- एन0बी0एस0यू0 स्टॉफ नर्स रेनु से एन0बी0एस0यू0 को शीघ्र कियाशील कराने व प्रसव कक्ष के समीप कक्ष में स्थापित करने व आन लाईन रिर्पोटिंग कार्य शुरू करने हेतु अवगत किया गया।

जिला परिवार नियोजन मैनेजर व जिला समन्वयक, पी0एस0आई0 संस्था के साथ नवम्बर माह में शुरू हो रहे 'पुरूष नसबन्दी पखवाड़ा' हेतु सिकन्द्राबाद औधोगिक क्षेत्र मे कार्यरत लेबर आदि लोगों को नसबन्दी करवाने हेतु प्रेरित व प्रचार प्रसार किया गया।

O/C (हिमांशु सचदेवा)
जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या

पर्यवेक्षणकर्ता का नाम– हिमांशु सचदेवा,
पर्यवेक्षणकर्ता का पदनाम– जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, बुलन्दशहर
पर्यवेक्षण स्थल का नाम– एफ0आर0यू0 पी0पी0सी0 खुर्जा, ब्लॉक खुर्जा
दिनांक– 14.10.2022

अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेरठ मण्डल, मेरठ के पत्र सं0 अ0नि0/एन0एच0एम0/कार्य प्रबन्धक/2021–22/4221 दिनांक 02.08.2021 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर के पत्र सं0 सी0एम0ओ0/एन0एच0एम0/कार्यप्रबन्धक /कार्य/2021–22/2674 दिनांक 22.12.2021 के अनुपालन में दिनांक 14.10.2022 को मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सुचारू रूप से कियान्वयन कराने हेतु सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

एफ0आर0यू0 पी0पी0सी0 खुर्जा, ब्लॉक खुर्जा

- स्वास्थ्य इकाई पर स्थापित ब्लड स्टोरेज यूनिट (बी0एस0यू0) का भ्रमण किया गया, बी0एस0यू0 में एल0टी0 श्री हरेन्द्र व एल0ए0 से गत माह हुए ब्लड ट्रांसफयूजन की प्रगति आदि के बारे चर्चा हुई। इश्यू रजिस्टर का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि औसतन पूरे माह मे 4–5 यूनिट ही ब्लड ट्रांसफयूजन किया गया है जबकि जे0एस0एस0के0 कार्यक्रम के अर्न्तगत आवश्यकतानुसार प्रत्येक माह 9 व 24 तारीख को पी0एम0एस0एस0ए0 दिवस, अन्य दिवसों में या यू0पी0एच0सी0 से रेफर होकर आने वाली गम्भीर रक्तल्पता वाली गर्भवती महिलाओं को भी दिया जाना है। बी0टी0 की प्रगति बढ़ाने एवं प्रत्येक माह शत–प्रतिशत HMIS पोर्टल पर प्रगति अंकन के सम्बन्ध में बी0एस0यू0 इन्चार्ज डा0 विनित से चर्चा की गयी। बी0एस0यू0, कोल्ड चैन व लैब कक्ष में बरसात में छत टपकने के कारण दीवारो पर सीलन व फंगस लगी है जिसे सही कराने की आवश्यकता है, स्टॉफ ने अवगत कराया कि बी0एस0यू0 मे रजिस्टर आदि समान के सुरक्षित रख–रखाव हेतु अलमारी की आवश्यकता है जिस हेतु फार्मासिस्ट महोदय को अवगत किया गया।
- डा0 विनित (एल0एस0ए0एस0) से एफ0आर0यू0 की प्रगति बढ़ाने आदि विषयों पर चर्चा की गयी। उन्होने अवगत कराया कि स्वास्थ्य इकाई पर जनरेटर में डीजल की अनुपल्बधता व जनरेटर नियमित ना चलने के कारण जनरेटर की बैट्री के सही से काम ना करने के कारण भी गत माह में 1–2 सी0सेक्शन नहीं किये जा सके जिसे सही कराये जाने की आवश्यकता है जिससे एफ0आर0यू0 स्वास्थ्य इकाई पर नियमित सी0सेक्शन की सुविधाएं प्रदान की जा सके।
- स्वास्थ्य इकाई परिसर में साफ–सफाई नहीं होने के कारण बदबू थी व संचारी अभियान में चिकित्सालय परिसर में उगी झाड़ियां कटवाने की आवश्यकता है।
- पी0एन0सी0 वार्ड, काउन्सर कक्ष व आस पास के एरिया में इन्वर्टर की बैट्री खराब होने के कारण अंधेरा हो जा रहा है जिसके कारण वार्ड में भर्ती लाभार्थियों को परेशानी हो रही थी। कई स्थान पर बिजली की तारे लटक रहीं है जिसे सही कराने की आवश्यकता है।
- प्रसव कक्ष के पास ट्रायजिंग कक्ष स्थापित है। प्रसव कक्ष के बाहर बाहरी लोगों के प्रवेश रोकने हेतु पार्टिशन गेट की आवश्यकता है। प्रसव कक्ष के बाहर शो रेक एवं कवर की व्यवस्था की जानी है।
- एम0एन0सी0यू0 वार्ड प्रसुताएं अपने बच्चों के साथ थी। डाईट रजिस्टर का अवलोकन में पाया कि रजिस्टर मानकानुसार तैयार नहीं किया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा नियत समय पर रजिस्टर का अवलोकन किया जाना है। पी0एन0सी0/एम0एन0सी0यू0 वार्ड के पास निःशुल्क जे0एस0एस0के0 डाइट प्लान लगाया जाना है।
- लेबर रूम में स्टॉफ नर्स रेखा द्वारा प्रसव कराया जा रहा था। प्रसव कक्ष में गर्भवती महिला के साथ एक से ज्यादा तीमारदार थे। उपस्थित स्टाफ को महिला के साथ केवल एक बर्थ कम्पेनियन को अन्दर भेजने हेतु अवगत किया गया।
- बायो मेडिकल वेस्ट बीन रखने हेतु मानकानुसार कक्ष को सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया कि कलेक्शन वाहन 17.09.2022 से 8.10.2022 तक आया नहीं जिसके कारण निस्तारण में समस्या उत्पन्न हो रही थी। प्रत्येक 48 घण्टे में बायो मेडिकल बेस्ट के जाने एवं मानकानुसार निस्तारण की व्यवस्था आवश्यक है।
- स्टाफ नर्स से उपलब्ध आवश्यक औषधी एवं समान आदि के बारे में जानकारी ली गयी उन्होनें बताया कि ऑक्सीटोसिन, मेगनिशियम सैल्फेट, कॉर्ड क्लेम्प, सेनेटरी पैड, सिरिंज, ग्लवस, कॉटन गॉज, फेटल डोपलर, एस0बी0 एवं ग्लूकोमीटर, 7 ट्रे हेतु कई आवश्यक समान आदि लम्बे समय से उपलब्ध नही है। फार्मासिस्ट महोदय श्री मनोज जी से चिकित्साधिकारी महोदय को अवगत कराते हुए मांग पत्र प्रेषित कराने हेतु अवगत कराया गया।
- मेरी गत भ्रमण में ओ0टी0 के सुदृढ़ीकरण हेतु मल्टी पेरामॉनीटर के स्थान पर अन्य उपकरण जिले से उपलब्ध कराये जाने के बारे में व सही उपकरण से बदलवाने हेतु चर्चा हुई थी किन्तु अभी तक उपकरण को बदला नहीं गया जिसे शीघ्र बदलवाते हुए ओ0टी0 में स्थापित किये जाने की आवश्यकता है।
- केस शीट के अवलोकन में पाया कि वन पेजर केसशीट का उपयोग किया जा रहा है। फार्मासिस्ट महोदय श्री मनोज जी से चिकित्साधिकारी महोदय को अवगत कराते हुए मांग पत्र प्रेषित कराने हेतु अवगत कराया गया।
- नर्स मेंटर श्रीमती शिवरंजनी स्वास्थ्य इकाई पर उपस्थित नहीं थी उन्हें फोन करके सम्पर्क किया गया किन्तु उन्होनें फोन नहीं उठाया। उपस्थित स्टॉफ ने बताया वह लगभग 3 माह से अनुपस्थित है। उनके द्वारा मिनी स्किल लैब की स्थापना व मेन्टरिंग कार्य नहीं किया गया है। जनपद मुख्यालय पर होने वाली मासिक समीक्षा बैठकों में भी उनके द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया है। उनसे स्पष्ट करते हुए अन्य स्टॉफ को मेण्टरिंग कार्य हेतु चिन्हित किये जाने की आवश्यकता है।

- स्वास्थ्य इकाई पर एन0बी0एस0यू0 हेतु नवीन स्टॉफ नर्स की तैनाती की गयी है अतः शीघ्र अति शीघ्र एन0बी0एस0यू0 को स्थापित कर आनलाईन रिर्पोटिंग कार्य शुरू किये जाने की आवश्यकता है।
- परिवार नियोजन काउंसलर को महिला नसबन्दी व पूरूष नसबन्दी हेतु लाभार्थियों से बात करके ज्यादा से ज्यादा केस कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया।
- मंत्र एप की प्रगति के बारे में उपस्थित स्टॉफ नर्स से चर्चा मे पाया कि स्टॉफ द्वारा लेटेस्ट वर्जन ही उपयोग किया जा रहा है। हमेशा लेटेस्ट वर्जन के साथ ही एंट्री कार्य करने एवं रेफरल रजिस्टर से मिलान करने पर ज्ञात हुआ कि समस्त रेफर की एंट्री अंकन नही की गयी है जिसे तत्काल करने हेतु अवगत किया गया। साथ ही श्री अरूण को जन्म पंजीयन की एंट्री मंत्र पोर्टल पर अपडेट करने व जे0एस0वाई0 लाभार्थियों का भुगतान शत प्रतिशत करने हेतु अवगत किया गया।
- राज्य स्तर से प्राप्त पत्र जिसमे मंत्र एप के अनुश्रवण अनुसार गर्भवती महिलाओं में एच0आई0वी0 एवं सिफलिस जांच कम की जा रही है के बारे मे उपस्थित स्टॉफ से चर्चा की गयी, स्टॉफ ने बताया दोनों ही जांचें कम की जाती है। जबकि प्रसव से पूर्व लाभार्थी एवं स्टॉफ की सुरक्षा हेतु दोनों जांचे की जानी नितान्त आवश्यक है और उसकी एंट्री मंत्र एपलिकेशन मे शत–प्रतिशत दर्ज करने हेतु अवगत किया गया।
- मंत्र एपलिकेशन के प्रयोग हेतु माह जनवरी 2022 में कंप्यूटर सिस्टम लेबर रूम में स्थापित किये जाने हेतु राज्य स्तर से रू0 50000/– की धनराशि आवंटित की गयी थी किन्तु अभी तक कंप्यूटर सिस्टम स्थापित नहीं किया गया है। जिसे शीघ्र क्रय करते हुए स्थापित कराये जाने की आवश्यकता है।
- स्वास्थ्य इकाई स्तरीय ई–कवच आई0डी0 पासवर्ड द्वारा ए0एन0सी0/पी0एन0सी0/नियमित टीकाकरण की प्रदत सेवाओं का अंकन नही किया जा रहा है, अंकन करने में आ रही तकनीकी समस्याओं का हल करते हुए ई–कवच एप पर समस्त प्रदत सेवाओं की रिपोर्ट अंकन करने हेतु अवगत किया गया।

(हिमांशु सचदेवा)
जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता
बुलन्दशहर

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मेरठ मण्डल मेरठ।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय, बुलन्दशहर।
3. अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, (आर0सी0एच0), बुलन्दशहर।
4. जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, बुलन्दशहर।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0/सिफसा, मेरठ मण्डल मेरठ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, बुलन्दशहर।
7. प्रभारी चिकित्सक अधिकारी, एफ0आर0यू0 पी0पी0सी0, खुर्जा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सम्बन्धित कार्यो पर सुधारात्मक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

(हिमांशु सचदेवा)
जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता
बुलन्दशहर